**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2023 के द्वितीय गुरूवार के लिये श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>9(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बताएंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कुल कितने श्रमजीवी महिला छात्रावास, सुधार गृह एवं वृद्ध महिला आश्रमों का संचालन किया जा रहा है तथा इनकी संख्या बढ़ाने की क्या योजना है ?</td><td>1. वर्तमान में प्रदेश के 08 जनपदों में 09 श्रमजीवी महिला छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है।<br>2. वर्तमान में 11 जनपदों में कुल 13 स्वाधार गृहों का संचालन किया जा रहा है।<br>3. वर्तमान में 04 जनपदों में 100 बेड की क्षमता के 04 वृद्ध महिला आश्रम संचालित हैं तथा 09 जनपदों में वृद्ध महिला आश्रमों के संचालन हेतु संस्थाओं के चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है एवं 12 जनपदों में वृद्ध महिला आश्रमों के संचालन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं के चयन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।<br>समय-समय पर आवश्यकतानुसार उक्त सभी संस्थाओं की संख्या बढ़ाई जाती है।</td></tr>
<tr><td>(ख) रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के द्वारा पिछले पांच वर्षों में प्रति वर्ष कितनी महिलाओं को कितने धनराशि की सहायता प्रदान की गयी तथा इस योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भविष्य में योजनाएं हैं ?</td><td>उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत विगत 05 वर्षों में भुगतान की गयी क्षतिपूर्ति की धनराशि का विवरणः-
<table>
<tr><th>वित्तीय वर्ष</th><th>लाभार्थियों की संख्या</th><th>कुल धनराशि (रुपये में)</th></tr>
<tr><td>2018-19</td><td>887</td><td>33,20,62,500</td></tr>
<tr><td>2019-20</td><td>767</td><td>28,42,45,000</td></tr>
<tr><td>2020-21</td><td>390</td><td>14,65,41,250</td></tr>
<tr><td>2021-22</td><td>815</td><td>30,53,00,000</td></tr>
<tr><td>2022-23</td><td>1084</td><td>39,07,35,000</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?</td><td>उपरोक्तानुसार ।</td></tr>
<tr><td>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?</td><td>प्रश्न नहीं उठता ।</td></tr>
</table>

**बेबी रानी मौर्य**
**मंत्री।**

C-2 DESKTOP/QUESTION/Q.A.DraftV.P.